म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25

# अर्थवार्ता पत्रिका MPCCI

वर्ष : 27, अंक : 07,08,09 ♦ माह : जनवरी, फरवरी, मार्च 2025

## केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव से MPCCI के प्रतिनिधि मण्डल ने सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह के साथ की भेंट ग्वालियर रेलवे स्टेशन सहित

### ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा हेतु सौंपा 'माँग–पत्र'

**MPCCI** के प्रतिनिधि मण्डल ने ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के माननीय सांसद–श्री भारत सिंह कुशवाह जी के साथ केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव से दिनांक 25 मार्च को 'रेल भवन', नई दिल्ली में भेंट की ।

इससे पूर्व चेम्बर के प्रतिनिधि मण्डल ने सुबह के समय, सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह से भेंट की और ग्वालियर के औद्योगिक–व्यापारिक विकास सहित समग्र चहुँमुखी विकास पर विस्तार से चर्चा की ।


प्रतिनिधि मण्डल ने 'चेम्बर भवन' में पधारने हेतु सौंपा आमंत्रण–पत्र, माननीय रेलमंत्री जी ने व्यक्त की अपनी सहमति

प्रतिनिधि मण्डल ने सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह के साथ 'रेल भवन' पहुँच कर, माननीय रेलमंत्री–श्री अश्विनीवैष्णव जी से भेंट की एवं उन्हें प्रदेश की शीर्ष व्यापारिक–औद्योगिक संस्था ''म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री'' में पधारने हेतु सादर 'आमंत्रण–पत्र' सौंपकर, शीघ्रातिशीघ्र पधारने का विनम्र अनुरोध किया, जिस पर माननीय रेलमंत्री जी ने आगामी ग्वालियर प्रवास के अवसर पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स में पधारने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की । साथ ही, माननीय रेलमंत्री जी ने प्रतिनिधि मण्डल की माँगों को काफी ध्यान पूर्वक सुना और माँग–पत्र में शामिल बिन्दुओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया ।

प्रतिनिधि मण्डल में संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल एवं रेलवे उपसमिति, संयोजक व सांसद द्वारा मनोनीत डीआरयूसीसी सदस्य–वसंत अग्रवाल शामिल थे ।

**माननीय रेलमंत्री जी से भेंट के दौरान प्रतिनिधि मण्डल द्वारा सौंपे गए माँग–पत्र के बिन्दु निम्नानुसार हैं :–** ❋ बिड़ला नगर रेलवे स्टेशन का 'अमृत भारत' योजनान्तर्गत आधुनिकीकरण किया जाए । ❋ नेरोगेज रेल पटरी को शहर के मध्य से हटाया जाए । ❋ नई दिल्ली–ग्वालियर–इन्दौर के मध्य 'वंदेभारत एक्सप्रेस' अथवा अन्य कोई सुपरफास्ट एसी चेयरकार ट्रेन सुबह के समय प्रारम्भ की जाए । ❋ आगरा केंट–उदयपुर के मध्य संचालित 'वंदेभारत एक्सप्रेस' का संचालन ग्वालियर से किया जाए । ❋ ग्वालियर–जयपुर एवं ग्वालियर–अयोध्या के मध्य 'वंदेभारत एक्सप्रेस' का संचालन किया जाए । ❋ ग्वालियर–भिण्ड/रतलाम एक्सप्रेस एवं ग्वालियर–पुणे–दौंड एक्सप्रेस की औसत गति को बढ़ाया जाए । ❋ ग्वालियर–भोपाल के मध्य 'जनशताब्दी एक्सप्रेस' सुबह के समय संचालित की जाए । ❋ ऐसी सभी ट्रेन जिनका वर्तमान में स्टॉपेज ग्वालियर स्टेशन पर नहीं हैं उन सभी ट्रेनों का स्टॉपेज ग्वालियर स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए । ❋ ट्रेन नं. 22199/22200, 15045/15046, 19053/19054, 11124/11123 का मार्ग परिवर्तित कर, ग्वालियर–भिण्ड–इटावा रेल खण्ड से संचालन किया जाए। ❋ ग्वालियर स्टेशन पर ट्रेन नं. 22222, 12162, 21126, 11126, 22194, 12780, 22199, 22547 में आपातकालीन कोटा उपलब्ध कराया जाए।

**❋ उत्तर मध्य रेलवे के तहत ग्वालियर–रेल मण्डल का गठन किया जाए ।**

**❋ DRUCC, ZRUCC, SRUCC में मनोनयन हेतु प्रेषित किए गए, नामों को उक्त समितियों में मनोनीत किया जाए ।**

# ITM HOSPITAL
AND RESEARCH CENTRE

ITM HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE
सेवा • समता • सम्मान




## COMING SOON
• Cath Lab & Cardiac Surgery • Blood Bank
• Kidney Transplant • Neuro Intervention

INSTITUTE OF NEURO SCIENCES
INSTITUTE OF NEPHROLOGY AND UROLOGY
INSTITUTE OF CRITICAL CARE AND MEDICINE
INSTITUTE OF ONCO SURGERY AND CHEMOTHERAPY
INSTITUTE OF BURN AND PLASTIC SURGERY
INSTITUTE OF JOINT REPLACEMENT AND ORTHOPEDICS
INSTITUTE OF NEONATOLOGY AND PAEDIATRICS
INSTITUTE OF MINIMAL INVASIVE SURGERY
INSTITUTE OF INFERTILITY AND LAPAROSCOPIC GYNAECOLOGY

OUR HEALTHCARE PARTNERS
Fortis eNext ICU — Medical oncology, Gastroenterology, haematology and Critical care
MAX Healthcare — Max Lab-Pathology Microbiology and Histopathology
ई-चिकित्सा

OUR INSURANCE PARTNERS
ECHS ESIC CAPF PM-JAY

9090 1919 63/64 www.itmhospital.com NH-75, SITHOULI, JHANSI ROAD, GWALIOR, M.P (INDIA)



HDFC BANK Presenting

# Biz+ Accounts
## Aapke Business Ki Kaamyaabi Ki Chaabi



Explore Our Best-In-Class Current Accounts

Biz Lite+ Account
Biz Pro+ Account
Biz Ultra+ Account
Biz Elite+ Account

Unmatched Account Benefits
- Unlock balance commitment waiver with Soundbox/PoS*
- Up to 15x free cash deposit limit basis account balances*
- Special discounts on banking services under Premier Banking Program

+ Additional Benefits
- Rental waiver on Soundbox/PoS basis monthly business*
- NetBanking for Business: One-view of all accounts, bulk transfers and maker-checker facility
- Save up to ₹4.4 lakhs annually with BizBlack Credit Card
- Fast processing working capital and term loans
- Nil foreign bank charges on overseas remittances*

To Know More, Please Contact:
Vipin Rathore - Branch Manager 9179666349

Contact : 8770217598, 9827753225

T&C Apply. Credit at the sole discretion of HDFC Bank Ltd.

Open Your Current Account Today!

HDFC BANK MyBUSINESS

# ''दीपावली मिलन समारोह'' का 'तीन-दिवसीय' भव्य आयोजन सम्पन्न

## प्रथम दिवस (2 जनवरी) : MPCCI-COSMO ''क्रिकेट कॉर्निवाल'' आयोजित, तानसेन चैलेंजर्स बना चैम्पियन

## द्वितीय दिवस (4 जनवरी) : 'पारिवारिक कार्यक्रम' आयोजित

## तृतीय दिवस (5 जनवरी) : 'कवि सम्मेलन' व 'स्वरुचि भोज' आयोजित



संस्था के सदस्य व उनके परिजनों के लिए आयोजित तीन-दिवसीय ''दीपावली एवं नववर्ष मिलन समारोह'' के तहत 'प्रथम दिवस' MPCCI-COSMO 'क्रिकेट कार्निवाल' का आयोजन दि. 02 जनवरी,25 को 'कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम' में किया गया।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश-श्री पी. सी. गुप्ता ने नववर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ, शारीरिक प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा किया गया है । इस आयोजन में जो खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, वह अपनी आयु को पीछे छोड़ते हुए सम्मिलित हुए हैं, जिस अच्छे भाव के साथ यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। वह अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचे, ऐसी मैं कामना करता हूँ ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता द्वारा तथा पूर्व अध्यक्ष-डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल को उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल ने भेंट किया । इस अवसर पर पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिवद्वय-श्री पीताम्बर लोकवानी एवं श्री जगदीश मित्तल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण, सदस्यगण एवं उनके परिजन उपस्थित थे ।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में भाग ले रही सभी आठ टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । तदुपरांत रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर आयोजन का शुभारंभ किया गया । उद्घाटन सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ । अंत में आभार कोषाध्यक्ष-श्री संदीपनारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया ।

आयोजन में खेल रही आठ टीमों को-ए, बी, सी, डी समूह में बांटा गया था । समूह-ए में तानसेन चैलेंजर्स (संदीप नारायण अग्रवाल) विरूद्ध जीवाजी रॉयल्स (पवन कुमार अग्रवाल), समूह-बी में मानसिंह वॉरियर्स (हेमंत गुप्ता) विरूद्ध गूजरी सनराइजर्स (डॉ. राकेश अग्रवाल), समूह-सी में फोर्टनाइट राइडर्स (संजीव अग्रवाल कुक्कू) विरूद्ध जयविलास किंग्स-11 (वसंत अग्रवाल) एवं समूह-डी में सावरकर चैलेंजर्स (डॉ. प्रवीण अग्रवाल) विरूद्ध गालव डेयरडेविल्स (दीपक अग्रवाल) के बीच लीग मैच खेले गए।



लीग मैच की विजेता टीमों के बीच सेमीफाइनल के मुकाबले खेले गए, जो कि बेहद रोमांचक रहे ।

पहला सेमीफाइनल गालव डेयरडेविल्स (दीपक अग्रवाल) एवं जयविलास किंग्स-11 (वसंत अग्रवाल) के मध्य खेला गया, जिसकी विजेता जयविलास किंग्स-11 (वसंत अग्रवाल) टीम रही ।

दूसरा सेमीफाइनल मैच तानसेन चैलेंजर्स (संदीप नारायण अग्रवाल) एवं गूजरी सनराइजर्स (डॉ. राकेश अग्रवाल) के बीच खेला गया । इस मैच को तानसेन चैलेंजर्स (संदीप नारायण अग्रवाल) ने जीता ।

फ्लड लाइट में आयोजित फाइनल मैच तानसेन चैलेंजर्स (संदीप नारायण अग्रवाल) तथा जयविलास किंग्स–11 (वसंत अग्रवाल) के मध्य खेला गया । इस मैच में टॉस जीतकर तानसेन चैलेंजर्स द्वारा पहले बॉलिंग की गई । बेहद कसी हुई बॉलिंग के चलते जयविलास किंग्स–11 की टीम 7.4 ओवर में 35 रन पर ऑलआउट हो गई । इस स्कोर को 4 विकेट खोकर तानसेन चैलेंजर्स द्वारा मात्र 4.1 ओवर में ही चेज कर लिया और विजेता का खिताब अपने नाम किया ।




क्लोजिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि–ग्वालियर पूर्व विधायक–डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने आयोजन की प्रशंसा की एवं खेलों के जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला । साथ ही, आयोजन की सफलता एवं विजेता टीम को शुभकामनाएँ प्रदान की गईं। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को एमपीसीसीआई रनिंग ट्राफी प्रदान की गई । इस अवसर पर पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव, श्री प्रकाश अग्रवाल, जगदीश मित्तल एवं पूर्व कोषाध्यक्ष–श्री गोकुल बंसल उपस्थित थे ।

### – पुरस्कार –

**मैन ऑफ द मैच (लीग मैच) :** प्रथम मैच–विजय गुप्ता, द्वितीय मैच–सौरभ गुप्ता, तृतीय मैच–दीपक अग्रवाल, चतुर्थ मैच–प्रदीप रत्नाकर को दिए गए ।

**प्रथम सेमीफायनल** में नरेश जेठवानी तथा **द्वितीय सेमीफायनल** में गिरीश गाबरा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिए गए । फायनल मैच, **मैन ऑफ द मैच** : तरूण गोयल को चुना गया ।

**बेस्ट कैच ऑफ द टूर्नामेंट :** संदीप गाबरा, बेस्ट फील्डर ऑफ द टूर्नामेंट–नरेश कुमार जेठवानी, बेस्ट बाउलर ऑफ द टूर्नामेंट–कपिल गुप्ता, बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट–सौरभ गुप्ता तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सौरभ गुप्ता को उनके ऑलराउण्ड प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।

## 4 जनवरी को पारिवारिक कार्यक्रम के अन्तर्गत 'अंताक्षरी' एवं 'मेरी आवाज सुनो' का हुआ आयोजन

### मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, महापौर–डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार

पारिवारिक कार्यक्रम के तहत दिनांक 4 जनवरी को सदस्य परिवार की महिलाओं के लिए अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित, महापौर–डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहाकि महिलाओं के लिए अंताक्षरी जैसा आयोजन उन्हें मंच देने का एक सुनहरा अवसर है । इससे वे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर पाती हैं । नववर्ष मिलन के अवसर पर आप सभी को बहुत शुभकामनाएँ । हमारा शहर भी इंदौर की तरह स्वच्छता में नंबर वन बने । इसके लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है । हम स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक हों और अपने साथ अपने परिजन एवं पड़ौसियों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें । इस साल वर्षा अच्छी हुई है । हमें अपनी भविष्य की पीढ़ी के लिए जल संरक्षण को भी अपनाना चाहिए क्योंकि जल ही जीवन है ।

अंताक्षरी प्रतियोगिता : नरगिस टीम की प्रतिभागी–वनीता गर्ग, रंजना आनंद, कंचन सिधवानी, मनीषा बंसल द्वारा प्रथम पुरस्कार जीता गया । वहीं टीम–वैजयन्ती माला की प्रतिभागी–दिव्या सांघी, विनीता जैस्वानी, दीप्ति सरावगी, मीरा अग्रवाल द्वारा द्वितीय पुरस्कार जीता गया । तृतीय पुरस्कार टीम–सुरैया की प्रतिभागी रितु गुप्ता, रूबी अग्रवाल, श्रेया बंसल एवं सोनिया सप्रा को प्राप्त हुआ । इसके साथ ही 36 अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना

पुरस्कार महापौर–डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार द्वारा प्रदान किए गए । इस प्रतियोगिता के पुरस्कार श्रीजी ब्राण्ड के संचालक एवं पूर्व उपाध्यक्ष–श्री सुरेश बंसल जी द्वारा प्रायोजित किए गए ।

इससे पूर्व कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा दिया गया । कार्यक्रम संयोजक एवं संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता द्वारा महापौर–डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार जी को स्मृति–चिन्ह प्रदान किया गया । वहीं उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा प्रायोजक एवं पूर्व उपाध्यक्ष–श्री सुरेश बंसल जी को स्मृति–चिन्ह भेंट किया गया ।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल द्वारा तथा आभार कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

मेरी आवाज सुनो प्रतियोगिता : इस प्रतियोगिता में सदस्य फर्म के अधिकृत प्रतिनिधियों ने अपनी गायन कला का प्रदर्शन करते हुए फिल्मी गानों पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा । यह प्रतियोगिता, मेसर्स रोम कम्प्यूटर एंड अकाउंट्स ट्रेनिंग सेंटर के संचालक व चेम्बर उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा प्रायोजित की गई । इस प्रतियोगिता के विजेता निम्नानुसार हैं :–

प्रथम पुरस्कार : श्री नरेश जेठवानी, द्वितीय पुरस्कार : श्री एस. के. दास, तृतीय पुरस्कार : श्री राकेश जैन । सांत्वना पुरस्कार विजेता : सर्वश्री चैतन्य बंसल, दीपक अग्रवाल, नंदकिशोर गोयल, महेन्द्र सिंह सिकरवार, दिनेश कुमार अग्रवाल, रामकुमार चोपड़ा, अनूप साहू ।

इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. साक्षी कुलश्रेष्ठ, व्याख्याता गायन, शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय एवं डॉ. आभास सक्सेना, व्याख्याता गायन, शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय उपस्थित थे ।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व स्वरुचि भोज का हुआ आयोजन

तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिवस संस्था सदस्य व उनके परिजनों के लिए ''अखिल भारतीय कवि सम्मेलन'' एवं 'स्वरूचि भोज' का आयोजन दिनांक 5 जनवरी को 'रंगमहल गार्डन' में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री–माननीय श्री नारायण सिंह जी कुशवाह उपस्थित थे । इस अवसर पर अतिथिगणों सहित उपस्थित कविगणों का अंगवस्त्र से स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए । कार्यक्रम में मंचासीन देश के प्रसिद्ध कवियों ने अपनी मनमोहक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया जिनके कुछ अंश यहां प्रस्तुत हैं :–



### विनीत चौहान, अलवर...

जिनकी आजादी भारत की सेना की कुर्बानी है,
उन अहसान फरामोशों की कितनी क्रूर कहानी है ।
अचरज है जिनकी रोटी पर हम लोगों के नाम मिले,
उनकी पीढ़ी में ही सबसे ज्यादा नमक हराम मिले ।
जिनके पुरखे आज तलक भी भारत में शरणागत हैं,
उन लोगों की आस्तीन के साँपों जैसी हालत है ।।

### दिनेश बावरा, मुंबई...

इस दुनियां को खतरा ना चीन ना पाकिस्तान
ना अमेरिका ना इज़राइल से है ।
इस दुनियां को सबसे ज्यादा खतरा
आप की जेब में रखे हुये मोबाइल से है ।।

### राव अजातशत्रु...

ये बोली तो युग बोला ये गायी तो सबने गाया,
इसने ही आजादी का परचम सीमा पर लहराया ।
वंदे मातरम बन कर गूंजी और तिरंगा थाम लिया,
बिस्मिल शेखर भगत सिंह मंगलपांडे का नाम लिया ।
पराधीनता की बेड़ी से करने को आजाद,
कविता जिन्दाबाद हमारी कविता जिन्दाबाद ।।

### गौरी मिश्रा, नैनीताल...

ताज़ा तरीन खुशबू है लेकिन पुराना लग रहा,
फूल जूड़े में सजा तुम बिन पुराना लग रहा ।
अब तलक भी लौट कर जो तुम नहीं आए पिया,
मुझको तो नए साल का हर दिन पुराना लग रहा ।।

### प्रताप फौजदार, आगरा...

वफा ईमान की बातें किताबों में ही मिलतीं हैं,
भरोसा रोज मिलता है भरोसा रोज डसता है ।
ज़मीं वो अन्न पैदा कर वफा जो खून मे बोले,
भगत सिंह जैसे बेटों को वतन अब भी तरसता है ।।

### तेजनारायण शर्मा, जौरा...

युग की टेर लिए बैठी है, मन के फेर लिए बैठी है ।
रघुनंदन अब तो आ जाओ, शबरी बेर लिए बैठी है ।।



कवि सम्मेलन का संचालन, प्रख्यात कवि श्री तेजनारायण शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर आयोजित स्वरुचि भोज में सदस्यों एवं उनके परिजनों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर लुत्फ उठाया गया ।

# आयोजन की झलकियाँ...




KAILASH




KAILASH




म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर
अंताक्षरी




MPCCI-COSMO

# कार्यकारिणी समिति की बैठक

**दिनांक 27 जनवरी,25 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-**

* **नवीन सदस्यता हेतु प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार कर, निम्नलिखित फर्मों को सदस्यता प्रदान की गई :-**

1. मेसर्स मुरैना बन्दूक भण्डार, मुरैना.
2. मेसर्स कल्याण हरिलीला मोटर्स, रिसाला बाजार, मुरार.
3. मेसर्स आवतराम मॉल, मोर बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
4. मेसर्स हेलो इंटरप्राईजेज, होटल साया, पड़ाव, ग्वालियर.
5. मेसर्स बंसल फोम, मोची ओली, लश्कर, ग्वालियर.
6. मेसर्स श्री राधे ट्रेडर्स, मातेश्वरी कॉम्पलेक्स, पिछाड़ी ड्योढ़ी
7. मेसर्स श्री संतोषी ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
8. मेसर्स कैप्टन उपाध्याय इनर्जी स्टेशन, कम्पू, लश्कर, ग्वा.
9. मेसर्स शिव शक्ति ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
10. मेसर्स एस. आर. व्ही. पोलीप्लास्ट, दाल बाजार, लश्कर.
11. मेसर्स राधिका ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
12. मे. अग्रवाल हैण्डीक्राफ्ट, मोदी कॉम्पलेक्स, पारखजी का बाड़ा
13. मेसर्स वेदत्रीय इण्डस्ट्रीज, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
14. मेसर्स ज्योति बैंगल्स, दही मण्डी, लश्कर, ग्वालियर.
15. मेसर्स आदिनाथ जेम्स एंड ज्वेलर्स, सराफा बाजार, लश्कर.
16. मेसर्स गोपीराम एण्ड संस, नया बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
17. मेसर्स प्रतीक प्लायवुड, दौलतगंज, लश्कर, ग्वालियर.
18. मेसर्स नारायणदास बाबूलाल, सराफा बाजार, लश्कर.
19. मेसर्स शुभम इंटरप्राईजेज, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
20. मेसर्स के. एन. सेल्स एण्ड सर्विसेस, दाल बाजार, लश्कर.
21. मेसर्स शारदा ऑटोमोबाईल्स, बहौड़ापुर, लश्कर, ग्वालियर.
22. मेसर्स सी. पी. सोलर इनर्जी, सिटी सेंटर, ग्वालियर.
23. मेसर्स श्रीनाथ ट्रेडिंग कं., हरीशंकरपुरम्, ग्वालियर.
24. मेसर्स केदारनाथ ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
25. मेसर्स न्यू काका पेन्ट हाउस, मुरार, ग्वालियर.

**म. प्र. श्रम सलाहकार परिषद के पुनर्गठन हेतु श्रम आयुक्त, इन्दौर से प्राप्त पत्र पर विचार कर, श्री जगदीश मित्तल जी को नामांकित करने का निर्णय लिया गया।**



* **'चेम्बर सचिवालय' हेतु वर्ष-2025 के लिए सामान्य निर्धारित अवकाशों की जानकारी सदन को निम्नानुसार प्रस्तुत की गईः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| महाशिवरात्रि | 26 फरवरी,2025 | बुधवार | |
| होली | 14 मार्च,2025 | शुक्रवार | |
| भाई दोज | 15 मार्च,2025 | शनिवार | |
| ईद-उल-फितर | 31 मार्च,2025 | सोमवार | एच्छिक |
| ईदुज्जुहा (बकरीद) | 07 जून,2025 | शनिवार | एच्छिक |
| रक्षाबंधन | 09 अगस्त,2025 | शनिवार | |
| स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त,2025 | शुक्रवार | |
| श्रीकृष्ण जन्माष्टमी | 16 अगस्त,2025 | शनिवार | |
| गणेश चतुर्थी | 27 अगस्त,2025 | बुधवार | एच्छिक |
| दुर्गाष्टमीं | 30 सितम्बर,2025 | मंगलवार | एच्छिक |
| गाँधी जयंती व दशहरा | 02 अक्टूबर,2025 | गुरुवार | |
| दीपावली | 20 अक्टूबर,2025 | सोमवार | |
| गोवर्धन पूजा | 21 अक्टूबर,2025 | मंगलवार | |
| दीपावली पड़वा | 22 अक्टूबर,2025 | बुधवार | |
| भाईदूज | 23 अक्टूबर,2025 | गुरुवार | |

**नोट : इनके अतिरिक्त विशेष कारणों से 4 अवकाश देने का अधिकार 'मानसेवी सचिव' को रहेगा। * गणतंत्र दिवस-26 जनवरी एवं सर्वपित मोक्ष अमावस्या (एच्छिक) 21 सितम्बर को 'रविवार' होने से पृथक से अवकाश घोषित नहीं किया गया है। * उपरोक्त 04 एच्छिक अवकाशों में से कोई भी 02 अवकाश स्टॉफकर्मी ले सकते हैं।**

## जनवरी, 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* केन्द्रीय वित्तमंत्री, भारत सरकार को पत्र प्रेषित कर, रेडीमेड कपड़ों पर जीएसटी की दरों में की गई वृद्धि को वापिस लेने की माँग की गई।
* महापौर एवं आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'चेम्बर भवन' के सामने एवं मयूर मार्केट, थाटीपुर पर लगने वाली सब्जी मण्डी का प्रातः 10.00 बजे तक का समय निर्धारित करने की माँग की गई।
* सहायक आबकारी आयुक्त, जिला आबकारी कार्यालय, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, महाराज बाड़ा सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर खुलेआम शराब पीने वालों के विरुद्ध तत्काल और सख्त कार्यवाही करने की माँग की गई।
* केन्द्रीय संचार मंत्री-माननीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह एवं आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, भोपाल को पत्र प्रेषित कर रियल एस्टेट सेक्टर में ग्वालियर विकास योजना-2021 के प्रावधानान्तर्गत स्वीकृत अनुज्ञाओं की वैध कालावधि तक यथावत भवन निर्माण अनुज्ञा जारी किए जाने की माँग की गई।
* नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर की नगरीय निकाय से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हेतु 'चेम्बर भवन' में पधारने का आग्रह किया गया।
* महाप्रबंधक, डीआईसी, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, शंकरपुर उद्योग नगरी के भू-उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया के संबंध में शासन स्तर पर उचित कार्यवाही करने की माँग की गई।
* उप मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री, माननीय श्री जगदीश देवड़ा को पत्र प्रेषित कर, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित बजट हेतु सुझाव प्रेषित किए गए।

# 76वें 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया 'झण्डा वंधन'




76वें 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा 'चेम्बर भवन' पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । इस अवसर पर आपने सदस्यों को 76वें 'गणवतंत्र दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज तेजी से युग बदल रहा है । परिवर्तनों को हमें स्वीकार करना चाहिए । आज ए. आई. का जमाना आ गया है । पुरातन में हम आविष्कारों के बारे में जब सुनते थे, तो यकीन नहीं कर पाते थे, लेकिन आज मोबाइल रूपी आविष्कार को हम स्वीकार कर, उन आविष्कारों पर यकीन कर चुके हैं । इसी प्रकार ए.आई. टेक्नॉलोजी के जो प्रयोग हो रहे हैं, उनसे भविष्य में रोबोट को काम करते हुए हम देखेंगे । कई देशों के साथ ही, हमारे देश में यह प्रयोग हो रहा है । निश्चित रूप से हमें ऐसे परिवर्तनों के लिए तैयार रहना होगा और उन्हें स्वीकार करना होगा । इन परिवर्तनों के साथ हमें आगे बढ़ना है । ''व्यापार बिना जीवन नहीं और उद्योग बिना उन्नति नहीं'' यह चेम्बर ऑफ कॉमर्स का संकल्प और नारा है और इसी के साथ हमको आगे बढ़ना है और अपना–अपना योगदान इस दिशा में देना है । भारत में तेजी से औद्योगिक परिवेश बदल रहा है, इससे म. प्र. भी अछूता नहीं है।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के 118वे 'स्थापना दिवस' पर ग्वालियर अंचल में सोलर आंदोलन को गति प्रदान करने की बात कही गई थी । इसी को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा 02 सोलर फेयर का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया तथा संस्था के एक प्रतिनिधि मण्डल ने गुजरात में सोलर पर अध्ययन हेतु सोलर इण्डस्ट्रीज की विजिट भी की गई ।

कार्यक्रम के अंत में आभार, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया । इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष–डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्ष–ओमप्रकाश अग्रवाल, जीएल भोजवानी, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–पीताम्बर लोकवानी, ललित गुप्ता, जगदीश मित्तल, पूर्व कोषाध्यक्ष–कैलाश लहारिया, गोकुल बंसल, वसंत अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण एवं सदस्यगण काफी संख्या में उपस्थित थे ।

## ''ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट'' में MPCCI का प्रतिनिधि मण्डल हुआ शामिल



माननीय प्रधानमंत्री–श्री नरेन्द्र मोदी जी की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 24 फरवरी को प्रदेश की राजधानी, भोपाल में प्रारम्भ हुई ''ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट'' में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में चेम्बर के एक प्रतिनिधि मण्डल शामिल हुआ । इस अवसर पर यशस्वी प्रधानमंत्री–माननीय श्री मोदी जी ने मध्यप्रदेश को अजब–गजब और सजग प्रदेश बताया और प्रदेश की जमकर प्रशंसा की ।

प्रतिनिधि मण्डल में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य–सर्वश्री आशुतोष अग्रवाल, रामकुमार चौपड़ा, आशीष अग्रवाल सहित सदस्य–सर्वश्री जय गुप्ता, प्रभात चौपड़ा व सुदर्शन झंवर शामिल हुए ।

उपरोक्त समिट में शामिल होने के पश्चात् चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री–माननीय डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री–माननीय श्री राजेन्द्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री–माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय, ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन–श्री संजय शुक्ला जी व श्री भरत यादव जी से भी भेंट की । इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने सभी से म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर में पधारने का आग्रह किया, ताकि ग्वालियर अंचल में नवीन निवेश पर चर्चा की जा सके । साथ ही, समिट में शामिल हुए बड़े निवेशकों से भी चर्चा की और उन्हें ग्वालियर आमंत्रित किया ।

डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया है कि आज भोपाल में आयोजित ''ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट'' में चेम्बर के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा की गई बातचीत के आधार पर यह विश्वास किया जा सकता है कि ग्वालियर के लिहाज से यह जीआईएस काफी सफल होगी और ग्वालियर में बड़ा निवेश शीघ्रातिशीघ्र आएगा, ऐसी आशा है ।

# भारत व अमेरिका के लोगों के बीच स्थायी मित्रता हमारे सहयोग का आधार है : माइक हैंकी अमेरिकी महावाणिज्य दूत, माइक हैंकी का 'चेम्बर भवन' में हुआ आगमन




अमेरिकी महावाणिज्य दूत, माइक हैंकी का शुभागमन, दिनांक 11 फरवरी को 'चेम्बर भवन' में हुआ। आपने इस अवसर पर पदाधिकारियों व युवा उद्यमियों से मुलाकात की और अमेरिका तथा मध्य प्रदेश राज्य के बीच वाणिज्यिक सहयोग को बढ़ाने तथा उसे और गहरा करने पर चर्चा की। महावाणिज्य दूत हैंकी ने इस बात पर जोर दिया कि हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच स्थायी मित्रता हमारे सहयोग का आधार है तथा यह हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि हम अमेरिका–भारत आर्थिक संबंधों की जबरदस्त संभावनाओं को महसूस करते हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि माइक हैंकी का ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में पधारने पर आपका हार्दिक स्वागत करते हैं। आपने कहा कि ग्वालियर सांस्कृतिक, राजनैतिक एवं आर्थिक दृष्टि से मध्यप्रदेश एवं देश में अद्वितीय स्थान रखता है। सिंधिया राजवंश द्वारा दो शताब्दी से अधिक समय से ग्वालियर शहर के राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सिंधिया राजवंश की दूरदर्शिता से ही वर्ष–1906 में इस संस्था की स्थापना ग्वालियर में की गई थी। 24 सदस्यों से प्रारंभ होकर यह संस्था आज एक वटवृक्ष का रूप ले चुकी है एवं अपने उद्देश्यों से ग्वालियर अंचल सहित प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। ग्वालियर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के फलस्वरूप ही यूनेस्को द्वारा वर्ष–2023 ग्वालियर को ''सिटी ऑफ म्यूजिक'' का खिताब दिया गया है। ग्वालियर में निवेश की असीम संभावनाएँ हैं। आपने कहा कि महावाणिज्य दूत हैंकी, आपकी यात्रा ऐसे रोमांचक समय में हुई है, जब भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों ही कई क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की कोशिश कर रहे हैं। हम अमेरिका–भारत संबंधों को मजबूत करने के लिए नए अवसरों की पहचान करने के लिए तत्पर हैं।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी के चेम्बर पधारने को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए, बैठक के संबंध में उपस्थित युवा उद्यमियों को अवगत कराया।

अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी ने ग्वालियर के यूथ आइकॉन से व्यापार–उद्योग पर चर्चा की।

इस अवसर पर चेम्बर की ईडीसी उपसमिति के संयोजक–आद्यंत अग्रवाल, ईडीसी उपसमिति के सहसंयोजक–शरद गोयल, युवा उद्यमी एवं विधिक जागरूकता उपसमिति के सहसंयोजक–श्री विवेक अग्रवाल, उद्यमी विक्रांत बंसल, श्री वरूण गोयल, युवा उद्यमी श्री अमर सिंह राठौर, श्री शिखर अग्रवाल आदि ने अमरीकी महावाणिज्य दूत से चर्चा की।

इस अवसर पर अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी को उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी के साथ हुई चर्चा का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने किया। अंत में आभार ईडीसी उपसमिति के संयोजक–आद्यंत अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

# सर्राफा कारोबारी ग्वालियर से बाहर माल ले जाते समय माल का पर्चेज बिल एवं डिलेवरी चालान साथ लेकर चलें

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स में जीएसटी पर बैठक का आयोजन




''सर्राफा कारोबारियों के लिए विक्रय हेतु ग्वालियर से माल बाहर ले जाने पर क्या कागजात साथ रखे जाएँ'' विषय पर एक बैठक का आयोजन, दिनांक 11 फरवरी को किया गया । बैठक में अपर आयुक्त, राज्य कर, म.प्र. संभाग-1, श्रीमती मिक्की अग्रवाल, जीएसटी विशेषज्ञ, सी.ए. दीपक वाजपेयी, उपायुक्तद्वय-श्री कुमार अभिषेक एवं श्री राजेश धाकड़ सहित काफी संख्या में सर्राफा कारोबारी उपस्थित थे ।

अपर आयुक्त, राज्य कर, म. प्र. संभाग-1, श्रीमती मिक्की अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स से हमें व्यापारिक समस्याओं पर निरंतर फीडबैक मिलता है, जिससे हम उन मुद्दों को सॉल्व कर पाते हैं । वह हमारी कमियाँ भी बिना शिकायत के बताते हैं और हम उन्हें कारोबारियों द्वारा की जाने वाली त्रुटियों को बताकर उन्हें सुधारने के लिए कहते हैं । यह जो संवाद की प्रक्रिया है, वह एक परिवार की तरह है । वहीं सर्राफा कारोबारी चूंकि मेरे स्वजन भी हैं, इसलिए सर्राफा कारोबारी भी हमारा परिवार ही हैं, उनकी समस्याओं को जानने के लिए हम उत्सुक रहते हैं, ताकि उन्हें दूर किया जा सके ।

बैठक के प्रारंभ में अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि व्यापारी घर से माल लेकर व्यापार करने के लिए 10-15 दिन के लिए निकलता है । व्यापारी की गाड़ी डिटेन करने से पहले यह देखना चाहिए कि व्यापारी की भावना क्या है, यदि व्यापारी की भावना चोरी की नहीं है, तो उसकी गाड़ी डिटेन नहीं करना चाहिए । व्यापारी को भी अपने साथ सभी जरूरी कागज़ात लेकर चलना चाहिए, लेकिन वे कागज कौन से होंगे, वह हम आज इस बैठक में जानेंगे । बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी के कई प्रावधानों के कारण सर्राफा कारोबारियों को शहर से बाहर माल ले जाते समय आ रहीं परेशानियों के समाधान की दिशा में आज की बैठक से अवश्य ही कुछ हल निकलेगा, ऐसा मुझे विश्वास है ।

उपायुक्त-श्री राजेश धाकड़ ने बैठक में ग्वालियर से बाहर माल ले जाने पर क्या सावधानियाँ और क्या कागजात रखे जाने के विषय पर बताते हुए कहा कि जीएसटी का जो बेसिक प्रावधान हैं, उसमें यह स्पष्ट किया गया है । किसी भी गुड्स को फिर चाहे वह सोना-चांदी या कोई मूल्यवान धातु है, उसे ले जाने का पूरा प्रोसेस सेक्शन 138 में बताया गया है । आपके पास इनवॉइस या बिल या डिलेवरी चालान होना चाहिए। इसके साथ ही ई-वे बिल की पात्रता जीएसटी प्रावधान में है । अगर हमारे माल का ट्रांजेक्शन एक राज्य से दूसरे राज्य में होना है और हमारे माल की कीमत 50 हजार या उससे ज्यादा है, तब ई-वे बिल बनाना होगा । इससे कम की राशि या टैक्स फ्री वस्तुओं पर ई-वे बिल नहीं बनाना है । मध्यप्रदेश के नोटिफिकेशन की बात करें, तो सबसे लेटेस्ट नोटिफिकेशन 29.03.2022 के अनुसार ई-वे बिल को चार केटेगरी में बांटा गया है । यदि जिले के भीतर माल का ट्रांजेक्शन हो रहा है, तो कितनी भी कीमत अथवा कितनी भी मात्रा हो, ई-वे बिल की कोई आवश्यकता नहीं है । एक जिले से दूसरे जिले में मूवमेंट पर टैक्स फ्री आयटम पर कोई ई-वे बिल नहीं है । टूबेको, पान मसाला इस प्रकार के प्रॉडक्ट पर 50 हजार या उससे ज्यादा पर ई-वे बिल बनाना होगा । इन उत्पाद के अलावा कोई केटेगरी है, तो एक लाख या उससे ऊपर के माल पर ई-वे बिल बनाना होगा । मेडिसिन गुड्स के लिए आवश्यक नहीं है । यदि एक राज्य से दूसरे राज्य में होगा, तो ई-वे बिल बनाना होगा । सोना-चांदी अथवा मूल्यवान धातु के लिए 04.08.2023 को सरकार ने नोटिफिकेशन नंबर 38 निकाला है । इसमें रूल्स 138 एफ एक्ट में जोड़ दिया है । इसमें प्रोविजन्स यह किया गया है कि गोल्ड-सिल्वर या मूल्यवान धातु पर रु. 2 लाख से ऊपर के मूल्य का माल लेकर जाते हैं, तो संबंधित राज्य अलग से नोटिफिकेशन जारी करके ई-वे बिल लागू कर सकता है । इसमें आपको केवल पार्ट-'ए' जिसमें माल की जानकारी होती है, वह भरना । दूसरा पार्ट-'बी' जिसमें व्हीकल की डिटेल दी जाती है, वह नहीं भरना है । यह आपको रिलेक्सेशन दिया गया है । म. प्र. में ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है । इसलिए आपको इंटरस्टेट तथा इंट्रा स्टेट दोनों में माल ले जाने पर ई-वे बिल की आवश्यकता आज की तारीख में नहीं है ।

जीएसटी विशेषज्ञ, सी. ए. दीपक वाजपेयी ने बताया कि यह जो समस्या है, वह आज की नहीं है, यह पूर्व में भी थी । सरकार ने इस समस्या को समझते हुए एक सर्कुलर जारी किया है, जिसे आप हमेशा बाहर जाते समय अपने साथ रखें । सीबीआईसी द्वारा जारी सर्कुलर नंबर 10/10, अक्टूबर-2017 में निकाला गया है । इसमें पूरी इबारत ज्वेलरी सेक्टर के लिए ही लिखी गई है । उक्त बैठक में उपस्थित कारोबारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में लश्कर सर्राफा संघ एवं ग्वालियर सर्राफा संघ के अध्यक्षद्वय-श्री नरोत्तम जैन एवं श्री जवाहर जैन द्वारा अपर आयुक्त-श्रीमती मिक्की अग्रवाल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया ।

बैठक के अन्त में आभार उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष-श्री पारस जैन, कार्यकारिणी समिति सदस्य-सर्वश्री लक्ष्मीनारायण गर्ग (रोबिन), रवि जैन, अभिषेक गोयल, आशीष जैन, अमित अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, संजय गुप्ता, नंदकिशोर गोयल, सुशांत सिंघल सहित काफी संख्या में सर्राफा कारोबारी उपस्थित थे ।

# हार्टअटैक के मरीज के लिए प्रारम्भ के 05 मिनिट अत्यन्त महत्वपूर्ण है : डॉ. जमाल यूसुफ

## CPR ट्रेनिंग एवं स्वस्थ हृदय पर 'चेम्बर भवन' में सेमीनार का हुआ आयोजन

### सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ-डॉ. जमाल यूसुफ ने CPR पर दी ट्रेनिंग




MPCCI के सदस्यों को CPR जैसी जीवन रक्षक महत्वपूर्ण विषय की बारीकियों से रूबरू कराने के उद्देश्य से एक ट्रेनिंग कार्यक्रम एवं सेमीनार का आयोजन दिनांक 14 फरवरी को 'चेम्बर भवन' में किया गया । इस अवसर पर सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ – डॉ. जमाल युसुफ द्वारा सीपीआर ट्रेनिंग एवं अपने हृदय, फेफड़े व मस्तिष्क को किस प्रकार से स्वस्थ रखे, इस पर विस्तार से जानकारी दी गई । कार्यक्रम के प्रारम्भ में पदाधिकारियों द्वारा डॉ. जमाल युसुफ जी को फल की टोकरी भेंट कर, आत्मीय स्वागत किया गया।

डॉ. जमाल युसुफ ने इस अवसर पर कहा कि कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (CPR) एक आपातकालीन प्रक्रिया है, जो किसी व्यक्ति के दिल की धड़कन या सांस लेने के दौरान की जाती है । सीपीआर का मुख्य उद्देश्य मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों तक ऑक्सीजन पहुँचाना है । आपने बताया कि सीपीआर हाथों से व मुंह से की जाती है । हाथों से सीपीआर तब किया जाता है, जब व्यक्ति सांस नहीं ले रहा हो अथवा उसको सांस लेने में परेशानी हो रही हो । इसमें छाती पर दबाव डाला जाता है, ताकि रक्त संचार को बनाए रखा जा सके । मुंह से मुंह में सीपीआर तब किया जाता है, जब व्यक्ति की सांस रुक गई हो । इसमें व्यक्ति के मुंह में हवा भरकर उसके फे फड़ों को फु लाया जाता है ।

आपने ने कहाकि सीपीआर की प्रक्रिया तब तक चालू रखना चाहिए, जब तक एम्बूलेंस नहीं आ जाती है । यदि आपने किसी हृदयाघात व्यक्ति को 20 मिनिट तक सीपीआर दी है, तब अवश्य ही उसका जीवन सुरक्षित रहेगा क्योंकि किसी भी स्थान पर एम्बूलेंस इस समय-सीमा में अवश्य ही पहुँच जाएगी । आपने बताया कि किसी भी व्यक्ति का हृदय एक वर्ष में 35 से 40 करोड़ बार धड़कता है । दिल, फेफड़े व मस्तिष्क इन तीनों अंगों में से किसी एक की भी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है, तब तीनों ही अंग अपना काम करना बंद कर देते हैं । हृदयघात के मरीज के लिए शुरूआत के 05 मिनिट अत्यन्त ही महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इन 05 मिनिट में यदि ऑक्सीजन उसके हृदय व मस्तिष्क में नहीं पहुँचेगी, तब उसकी मृत्यु निश्चित है । इसलिए उसे 05 मिनिट के अंदर ऑक्सीजन मिल सके, इस हेतु सीपीआर आवश्यक है । आपने ट्रेनिंग के दौरान बताया कि जब कोई व्यक्ति बेहोश होता है, तब सबसे पहले उसे सीधा लिटाकर, उसका सिर नीचे की ओर करना है, ताकि उसकी सांस नली खुल जाए और उससे पूछना है कि आप कैसे हैं । यदि वह आपकी बात का जवाब दे पा रहा है, तब इसका मतलब है कि उसका रक्त संचार चालू है और उसकी सांस चल रही है, ऐसी अवस्था में उसे प्राथमिक उपचार देकर, स्वस्थ किया जा सकता है । आपने कहा कि आपके शहर की जनसंख्या यदि 25 लाख है, तब उसके 20 फीसदी लोगों को अवश्य ही सीपीआर देने की प्रक्रिया से प्रशिक्षित होना चाहिए । आपने कहाकि यदि आपको हृदयघात जैसी बीमारी से बचना है, तब आपको गुटखा, धूम्रपान व शराब से बचना चाहिए तथा आपको अपना वजन संतुलित रखना चाहिए ।

स्वागत उद्बोधन देते हुए अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि लोगों के दिल की धड़कन के बादशाह, डॉ. जमाल यूसुफ जी का हम यहाँ स्वागत करते हैं । आपने कहाकि डॉ. जमाल यूसुफ जी का ग्वालियर के प्रति इतना लगाव है कि वह दिल्ली में अपने साथियों के पूछने पर कहते हैं कि आपकी राजधानी दिल्ली है और मेरी दिल की राजधानी ग्वालियर है । आपने कहाकि जब भी हम डॉ. साहब को कोई मैसेज करते हैं, तब उसमें लगभग तीन मिनिट का समय टाइप करने में लग जाता है, परन्तु डॉ. जमाल साहब का जवाब मात्र एक मिनिट में आ जाता है । यह उनकी ग्वालियर वासियों के प्रति समर्पण की भावना है । आपने कहाकि जी. बी. पंत हॉस्पीटल, नई दिल्ली में जब कोई मरीज ग्वालियर शहर का नाम लेता है, तब वहाँ के डॉक्टर्स का इलाज करने का तरीका ही बदल जाता है । यह हमारे लिए अत्यन्त गर्व की बात है ।

कार्यक्रम का संचालन, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया । इस अवसर पर आपने कहाकि यह हमारे लिए अत्यन्त गर्व की बात है कि ग्वालियर के गौरव व देश के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ-डॉ. जमाल यूसुफ हमारे आग्रह पर यहाँ पधारें हैं और आज वह सीपीआर की ट्रेनिंग हमारे सदस्य महानुभावों को देंगे । आपने कहाकि सीपीआर का प्रशिक्षण प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है और वह इसे लेकर अपने जीवन में किसी और का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। अंत में आभार प्रदर्शन, कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया । सेमीनार में कार्यकारिणी सदस्य व संस्था के सदस्यगण, डॉ. पुखराज गौड़ तथा अजंता फार्मा के जिला प्रबंधक-श्री राधे शर्मा व सेल्स ऑफीसर-श्री भानु कुशवाह उपस्थित थे ।

# प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास, श्री संजय शुक्ला से की भेंट
# ग्वालियर के ''रियल एस्टेट सेक्टर'' एवं ''गार्बेज शुल्क'' विसंगतियों पर हुई विस्तृत चर्चा

प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास–श्री संजय शुक्ला से MPCCI के प्रतिनिधि मंडल ने दिनांक 20 फरवरी को भोपाल में भेंट कर, ग्वालियर के ''रियल एस्टेट सेक्टर'' से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं ''गारबेज शुल्क'' में विसंगतियों से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल में मानसेवी सचिव–श्री दीपक अग्रवाल, क्रेडाई के उपाध्यक्ष–श्री सुदर्शन झंवर एवं श्री शैलेश जैन उपस्थित थे। प्रमुख सचिव ने प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रस्तुत सभी आपत्तियों और सुझावों को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## उक्त बैठक में प्रमुख रूप से निम्नलिखित मुद्दे उठाए गए :-

**1. ग्वालियर में प्रीमियम बेस्ड दर में संशोधन की मांग :** प्रतिनिधि मंडल ने ''ग्वालियर मास्टर प्लान–2035'' के अंतर्गत एफएआर ऑन प्रीमियम दर को वर्तमान 50% से घटाकर 5% करने की मांग की। इंदौर के मास्टर प्लान के अनुरूप, ग्वालियर में आवासीय परियोजनाओं को इस नियम से मुक्त रखने और केवल गैर–आवासीय परियोजनाओं पर 5% प्रीमियम एफएआर लागू करने का सुझाव दिया गया। उल्लेखनीय है कि नियम लागू होने के 21 माह पश्चात भी किसी बिल्डर ने प्रीमियम बेस्ड एफएआर की राशि जमा नहीं की है, जो प्रावधान की अव्यावहारिकता को दर्शाता है।

**2. पुराने मास्टर प्लान के तहत जारी अनुज्ञाओं पर यथावत अनुमति :** ''ग्वालियर विकास योजना–2021'' के अंतर्गत स्वीकृत अनुज्ञाओं पर नई योजना लागू करते समय नगर–निगम द्वारा प्रीमियम एफएआर जमा कराने की शर्त अनावश्यक है। इससे बिल्डर्स को आर्थिक नुकसान हो रहा है और परियोजनाएँ ठप्प हो रही हैं। प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया कि वैध अवधि में जारी अनुज्ञाओं पर पूर्व शर्तों के अनुसार ही अनुमति दी जाए।

**3. नियमों में समानता हेतु संशोधन का सुझाव :** मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम–2012 के अंतर्गत 60 मीटर या अधिक चौड़ी सड़कों पर लागू 5 से 7 एफएआर के प्रावधान को 30 मीटर चौड़ी सड़कों से ही लागू करने का सुझाव दिया गया। वर्तमान संशोधन केवल इंदौर एवं भोपाल को लाभ पहुंचा रहा है, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

**4. ग्वालियर में गैर–आवासीय भवनों पर गार्बेज शुल्क में विसंगति :** नगर निगम ग्वालियर द्वारा 1000 वर्गफुट से अधिक क्षेत्र वाले गैर–आवासीय भवनों पर रु. 10,000/– प्रतिवर्ष की दर से 'गारबेज शुल्क' वसूला जा रहा है, जबकि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के आदेशानुसार इस प्रकार का कोई प्रावधान नहीं है। प्रतिनिधि मंडल ने इसे नियमों के अनुरूप तर्कसंगत करने का आग्रह किया।

प्रमुख सचिव–श्री संजय शुक्ला ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि प्रस्तुत बिंदुओं पर गहन विचार कर शीघ्र उचित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त–सह–संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश मप्र, श्री श्रीकांत बनोठ एवं आयुक्त–सह–संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मप्र, श्री सीबी चक्रवर्ती से भी मुलाक़ात कर ग्वालियर में व्याप्त ''गारबेज शुल्क'' एवं विसंगतियों पर चर्चा की।

## फरवरी 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* प्रमुख सचिव एवं आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, भोपाल सहित आयुक्त सह संचालक, संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश, म.प्र. शासन, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर के रियल एस्टेट सेक्टर की समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया।
* पूर्व मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दि. 10 सितम्बर,23 को 'चेम्बर भवन' में की गई विभिन्न घोषणाओं के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री–माननीय डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित ऊर्जा मंत्री–श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रभारी मंत्री–माननीय श्री तुलसी सिलावट को पत्र प्रेषित किए गए।
* संयुक्त आयुक्त, राज्य कर (जीएसटी), संभाग–1, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, वेट के अधीन जमा कराई गई एफडीआर को वापिस किए जाने की माँग की गई।
* प्रमुख सचिव एवं आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय को भोपाल में पत्र सौंपकर, ग्वालियर के रियल एस्टेट सेक्टर में उत्पन्न विसंगतियों सहित नगर–निगम, ग्वालियर द्वारा एक हजार वर्गफीट से अधिक क्षेत्र वाले गैर आवासीय भवनों से अत्याधिक 'गारबेज शुल्क' वसूल किए जाने के संबंध में अवगत कराते हुए, इसे नियमों के अनुरूप तर्कसंगत किए जाने की माँग की गई।
* मण्डल रेल प्रबंधक, झाँसी को पत्र प्रेषित कर बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस एवं चम्बल एक्सप्रेस में जनरल कोच के डिब्बे आगे व पीछे लगाए जाने की माँग की गई।
* सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह को पत्र प्रेषित कर, ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों के निर्माण के संबंध में उनके द्वारा दि. 14 अगस्त,24 को 'चेम्बर भवन' में की गई घोषणा को स्मरण कराते हुए, तत्काल कार्य प्रारम्भ कराए जाने की माँग की गई।
* आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र सौंपकर, गैर–आवासीय भवनों से अत्याधिक 'गारबेज शुल्क' वसूल किए जाने का विरोध करते हुए, रु. 240/– की दर से प्रति वर्ष 'गारबेज शुल्क' लिए जाने हेतु आदेश जारी करने की माँग की गई।
* म. प्र. प्रमुख, फिक्की–भोपाल को पत्र प्रेषित कर, केबिनेट सचिवालय में सचिव के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित किए गए।
* मुख्यमंत्री–माननीय डॉ. मोहन यादव एवं प्रमुख गृह सचिव, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर के आर्म्स डीलर लायसेंस का नवीनीकरण किए जाने की माँग की गई।

# फरवरी : कार्यकारिणी समिति की बैठक

**दिनांक 15 फरवरी,25 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-**

* नवीन सदस्यता हेतु प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार कर, निम्नलिखित फर्मों को सदस्यता प्रदान की गई :-

1. मेसर्स ए. एस. इन्टरप्राइजेज, लोहिया बाजार, लश्कर.
2. मेसर्स लक्ष्मी आयरन स्टोर, ए-28, बसंत विहार, ग्वालियर.
3. मेसर्स आशी ट्रेडर्स, चौधरी कटरा, नया बाजार, लश्कर.
4. मेसर्स रतनलाल सर्राफ ज्वेलर्स (दतिया वाले) प्रा. लि., सराफा बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
5. मेसर्स बालाजी इन्टरप्राईजेज, बालाबाई का बाजार, लश्कर.
6. मेसर्स गहना ज्वेलर्स, मिलेनियम टॉवर, सिटी सेंटर, ग्वालियर.
7. मेसर्स शंकर कुल्फी, ए-16, न्यू गायत्री नगर, तानसेन रोड, ग्वालियर
8. मेसर्स सरोज फ्यूल शॉपी, विक्की फेक्ट्री तिराहा, झाँसी रोड
9. मेसर्स श्रीराम आयुर्वेट, एच-121/2, आदित्यपुरम, ग्वा.
10. मेसर्स गुप्ता इलेक्ट्रोनिक्स, सुभाषगंज, डबरा.
11. मेसर्स वैष्णव सर्विसेज, डी-8, द एड्रेस कॉलोनी, न्यू सिटी सेंटर, ग्वालियर
12. मेसर्स अर्पित ट्रेडर्स, पारखजी का बाड़ा, दौलतगंज, लश्कर.
13. मेसर्स हिन्दुस्तान केन मैन्युफैक्चरिंग कं., ए-1, अशोक विहार कॉलोनी, तानसेन रोड, ग्वालियर
14. मेसर्स वेग ब्रदर्स, ए-1, अशोक विहार कॉलोनी, तानसेन रोड, ग्वालियर
15. मेसर्स बी. आर. ऑयल इण्डस्ट्रीज प्रा. लि., 33-बी, औद्योगिक क्षेत्र बानमौर, जिला-मुरैना.
16. मेसर्स बी. आर. एग्रो प्रोडक्ट्स प्रा. लि., आर-22-25, आर-14-15, औद्योगिक क्षेत्र बानमौर, जिला-मुरैना.
17. मेसर्स गुडविल ट्रेड लिंक, रावत मार्केट, लोहिया बाजार, लश्कर, ग्वालियर
18. मेसर्स मनसा टेकलिंक, ई-3, चेतकपुरी, ग्वालियर
19. मेसर्स मनसा मैटनेट्स प्रा. लि., ई-3, चेतकपुरी, ग्वालियर
20. मेसर्स नवग्रह बिल्डकॉन, होटल सूर्या, जयेन्द्रगंज, लश्कर.
21. मेसर्स रिषभ गारमेंट्स, बालाबाई का बाजार, लश्कर.
22. मेसर्स के. पी. एण्ड संस, साईंनाथ मार्केट, टोपी बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
23. मेसर्स बंसल मेटल एण्ड एलॉय इण्डस्ट्रीज, पी-13, गालव नगर, 24 बीघा कॉलोनी, बहोड़ापुर, ग्वालियर.
24. मेसर्स के. आर. ट्रू वेन्चर, ए-29, आनन्द नगर, ग्वालियर
25. मेसर्स बॉम्बे हार्डवेयर स्टोर, 46, रतन कॉलोनी, जीवाजीगंज, लश्कर, ग्वालियर.

* 'संविधान संशोधन उपसमिति' से प्राप्त अनुशंसाओं पर विचार कर, 'संविधान' में संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया।

**दिनांक 28 फरवरी,25 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-**

* नवीन सदस्यता हेतु प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार कर, निम्नलिखित फर्मों को सदस्यता प्रदान की गई :-

1. 1. मेसर्स शिवशक्ति स्टील इण्डस्ट्रीज, लोहिया बाजार, लश्कर.
2. मेसर्स स्टाईल एण्ड स्ट्रक्चरल कन्सल्टेंट्स, शिन्दे की गोठ
3. मेसर्स यूनियन सेल्स, पंचवटी वस्त्र नगर, रोशनीघर रोड
4. मेसर्स अचलेश्वर गन हाउस, जामदारखाना, दर्जीओली
5. मेसर्स रत्न कमल, नया सराफा, दानाओली, लश्कर, ग्वालियर
6. मेसर्स नीतिका सेल्स कारपोरेशन, लक्ष्मीगंज, लश्कर
7. मेसर्स बसंत इलेक्ट्रोनिक्स, संजय कॉम्पलेक्स, जयेन्द्रगंज
8. मेसर्स सिटी टायर सर्विस, मेन रोड ट्रांसपोर्ट नगर, ग्वालियर
9. मेसर्स वैष्णवी इन्टरप्राइजेज, लक्कड़खाना रोड, ग्वालियर.
10. मेसर्स नवनीत ज्वेलर्स, सराफा बाजार, लश्कर, ग्वालियर
11. मेसर्स राज ट्रेडिंग कं., तानसेन रोड, हजीरा, ग्वालियर.
12. मेसर्स जय माँ लक्ष्मी ट्रेडिंग कं., गनपति बिहार, हजीरा.
13. मेसर्स नव ट्रेडिंग कं., सदर बाजार, इटाली गेट, गोहद.
14. मेसर्स पीएसए इन्फ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन, मैनावली गली
15. मेसर्स महावीर प्रिन्टर्स, तेली की बजरिया, नया बाजार.
16. मेसर्स विहान ट्रेडर्स, लोहिया बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
17. मेसर्स अम्बा शक्ति उद्योग लि., औद्योगिक क्षेत्र बानमौर.
18. मेसर्स रिलायबल कन्सल्टेंसी, नई सड़क, लश्कर, ग्वालियर
19. मेसर्स विनायक कलेक्शन, सदर बाजार, मुरार, ग्वालियर.
20. मेसर्स गंगा शर्ट, प्रथम तल, दर्जीओली, लश्कर, ग्वालियर
21. मेसर्स श्रीराम इन्टरप्राईजेज, दर्जीओली, लश्कर, ग्वालियर.
22. मेसर्स श्री संगम गारमेंट्स, दर्जीओली, लश्कर, ग्वालियर.
23. मेसर्स खण्डेलवाल किराना स्टोर, जनकगंज, लश्कर.
24. मेसर्स कृष्णा पेपर डिस्ट्रीब्यूटर्स, नया बाजार, लश्कर.
25. मेसर्स शास्वत एण्ड कं., जवाहर मार्ग, सियागंज, इन्दौर.

* मेसर्स मूलचन्द विमल कुमार जैन समूह क्र.-9 (तेल, तिलहन एवं वेजीटेवल व्यवसाय) से समूह क्र.-5 (खाद्यान्न व्यवसाय) में तथा मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स समूह क्र.-6 (थोक किराना व्यवसाय) से समूह क्र.-9 (तेल-तिलहन वेजीटेवल व्यवसाय) में समूह परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार कर, तद्नुसार परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया।
* मेसर्स अग्रवाल मेडीकल एजेन्सीज से प्राप्त 'त्याग-पत्र' को स्वीकृति प्रदान की गई।

## FICCI Event पोस्ट बजट कॉन्फ्रेंस-2025 में सीए शकुंत सोमानी ने लिया भाग




फिक्की द्वारा दिनांक 3 फरवरी,25 को 'फेडरेशन हाउस', नई दिल्ली में आयोजित आम बजट-2025-26 पर एक ''इंटरएक्टिव सत्र'' में संस्था के सदस्य-सीए शकुंत सोमानी ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में केन्द्रीय वित्त सचिव, भारत सरकार-श्री तुहिन कांता पाण्डे, अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड-श्री रवि अग्रवाल एवं अध्यक्ष-केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड-श्री संजय कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। कॉन्फ्रेंस में प्रमुख वक्ताओं द्वारा आगामी वर्ष की वित्तीय रूपरेखा पर अपने विचार साझा किये गये। चर्चा का मुख्य विषय ''करदाताओं पर विश्वास'' रहा, जिसमें पारदर्शिता और विकास-उन्मुख नीतियाँ पर जोर दिया गया। चेम्बर ऑफ कॉमर्स उद्योग और नीति के बीच संवाद को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिले।

## फिक्की रियल एस्टेट समिट-2025 में श्री सचिन जैन हुए शामिल

फिक्की रियल एस्टेट समिट के 18वें संस्करण का आयोजन दिनांक 11 फरवरी,25 को 'फेडरेशन हाउस', नई दिल्ली में किया गया। इस आयोजन में संस्था के सदस्य-श्री सचिन जैन एवं श्री यशवर्धन जैन शामिल हुए। इस समिट में देश के शीर्ष रियल एस्टेट लीडर्स ने ''भविष्य के निर्माण, नवाचार और स्थिरता'' विषय पर अपने विचार साझा किए। सदस्यद्वय ने इस मंच के माध्यम से नवीनतम विकास, अवसरों और रियल एस्टेट सेक्टर की उभरती संभावनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।



## GST से सम्बन्धित समस्याओं से बचाव

साभार : विवेक अग्रवाल
उप संयोजक, विधिक जागरूकता उप समिति

हर व्यवसाय को GST से संबंधित समस्याओं से बचने के लिए निम्नलिखित मूल बातों का ध्यान रखना चाहिए।

1. **व्यवसाय के अतिरिक्त स्थानों का उल्लेख :**

प्रत्येक अतिरिक्त व्यापारिक स्थान जैसे गोदाम, शाखाएं आदि का उल्लेख GST पंजीकरण में अवश्य करें या उसके लिए अलग से पंजीकरण कराएं।

2. **निल रिटर्न दाखिल करना :**

यदि किसी विशेष अवधि में कोई लेन-देन (जैसे बिक्री या खरीद) नहीं हुआ हो, तब भी करदाता को NIL रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य है।

3. **GST नंबर का प्रदर्शन :**

कार्यालय, फैक्ट्री, दुकान अथवा गोदाम के प्रवेश द्वार पर GST पंजीकरण प्रमाणपत्र अथवा GSTIN स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना आवश्यक है।

4. **नए खरीदार की जानकारी की जांच :**

किसी भी नए खरीदार के GST नंबर की सत्यता GST पोर्टल पर अवश्य जांचें। साथ ही, यह सुनिश्चित करें कि विक्रेता नियमित रूप से रिटर्न दाखिल कर रहा है और उसकी पंजीकरण स्थिति सक्रिय है।

इसके लिए सरकारी GST पोर्टल (www.gst.gov.in) पर जाएं, "Search Taxpayer" विकल्प चुनें, फिर "Search by GSTIN@UIN" पर क्लिक करें। GST नंबर और CAPTCHA दर्ज कर "Search" पर क्लिक करें।

5. **GST विभाग से प्राप्त नोटिस की जांच :**

जब भी GST विभाग से कोई नोटिस प्राप्त हो, तो उसमें उल्लिखित DIN (Document Identification Number) की सत्यता अवश्य जांचें।

DIN की प्रामाणिकता की पुष्टि CBIC की वेबसाइट (www.cbic.gov.in) पर करें और समय रहते नोटिस का उत्तर दें।

# Summer Flight Schedule Period (30-03-2025 to 25-10-2025)

| DAYS | S. NO. | Operator Name | FLIGHT NO | TYPE OF AIRCRAFT | ORIGIN | S.T.A | FLIGHT NO | DESTINATION | S.T.D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MONDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:10 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:45 |
| | 2 | AKASA AIR (07.04.2025 TO 30.06.2025) | QP-1781 | B 737-8MAX | AMD-GWL | 12:40 | QP-1108 | GWL-AMD | 13:20 |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B 737-8MAX | BLR-GWL | 13:50 | IX-2743 | GWL-BLR | 14:20 |
| | 4 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-5265 | GWL-BOM | 14:30 |
| TUESDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:10 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:45 |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B 737-8MAX | BLR-GWL | 13:50 | IX-2743 | GWL-BLR | 14:20 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-5265 | GWL-BOM | 14:30 |
| WEDNESDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:10 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:45 |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B 737-8MAX | BLR-GWL | 13:50 | IX-2743 | GWL-BLR | 14:20 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-5265 | GWL-BOM | 14:30 |
| THURSDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:10 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:45 |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B 737-8MAX | BLR-GWL | 13:50 | IX-2743 | GWL-BLR | 14:20 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-5265 | GWL-BOM | 14:30 |
| FRIDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:10 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:45 |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B 737-8MAX | BLR-GWL | 13:50 | IX-2743 | GWL-BLR | 14:20 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-5265 | GWL-BOM | 14:30 |
| SATURDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:10 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:45 |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B 737-8MAX | BLR-GWL | 13:50 | IX-2743 | GWL-BLR | 14:20 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-5265 | GWL-BOM | 14:30 |
| SUNDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:10 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:45 |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B 737-8MAX | BLR-GWL | 13:50 | IX-2743 | GWL-BLR | 14:20 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-5265 | GWL-BOM | 14:30 |

## 1 अप्रैल,25 से 30 सितम्बर,25 तक के लिए घोषित पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की दरें

श्रमायुक्त, इन्दौर द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948 के अन्तर्गत 67 अनुसूचित नियोजन में मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें, जिसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सम्मिलित है, जो निम्नानुसार दिनांक 01 अप्रैल, 2025 से लागू हैं :-

| श्रमिकों का वर्ग | कुल वेतन (रु. प्रतिमाह) | कुल वेतन (रु. प्रतिदिन) |
|---|---|---|
| अकुशल | 12125.00 | 466.00 |
| अर्द्धकुशल | 13121.00 | 505.00 |
| कुशल | 14844.00 | 571.00 |
| उच्च कुशल | 16469.00 | 633.00 |

## आवश्यक सूचना

सम्माननीय सदस्य महानुभावों,

नवीन वित्तीय वर्ष 2025-26 का सदस्यता शुल्क दिनांक 1 अप्रैल,2025 से देय हो गया है।

सदस्यता शुल्क को बगैर अधिभार के दि. 30 जून,25 तक जमा किया जा सकता है। उक्त तिथि के पश्चात् रु. 200/- प्रतिवर्ष अधिभार की राशि देय होगी।

* पब्लिक लिमिटेड कं. : रु. 2500+GST (18%)
* प्रायवेट लिमिटेड कं. : रु. 1250+GST (18%)
* साधारण सदस्य : रु. 750.00

# नगर-निगम, ग्वालियर के सहयोग से आज 'चेम्बर भवन' में आयोजित सम्पत्ति कर शिविर में 1 करोड़ 20 लाख रुपये के राजस्व की नगर-निगम को हुई प्राप्ति



नगर पालिक निगम, ग्वालियर के सहयोग से दिनांक 31 मार्च को 'चेम्बर भवन' में सभी 66 वार्डों के नागरिकों की सुविधा हेतु अपर आयुक्त, नगर–निगम, श्री अनिल दुबे जी के सानिध्य में ''सम्पत्ति कर शिविर'' का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में नगर–निगम को सम्पत्ति कर के रूप में 1 करोड़ 20 लाख रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्यगण, सर्वश्री मनोज सरावगी, दीपक जैसवानी, महेन्द्र साहू, आशीष अग्रवाल, आशीष जैन एवं श्याम गुप्ता सहित काफी संख्या में व्यवसाई व उद्योगपति उपस्थित थे।

## नवीन 75 सदस्यों को सदस्यता 'प्रमाण-पत्र' का हुआ वितरण




75 नवीन सदस्यों को सदस्यता 'प्रमाण–पत्र' का वितरण दि. 19 मार्च को 'चेम्बर भवन' में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया। नवीन सदस्यगणों को सदस्यता प्रमाण–पत्र के साथ–साथ MPCCI – पिन सहित संस्था द्वारा प्रकाशित 'अर्थवार्ता' व रेलवे समय–सारिणी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा स्वागत् उद्‌बोधन देते हुए, संस्था द्वारा व्यापारिक–औद्योगिक हित को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से नवीन सदस्यों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल एवं पूर्व उपाध्यक्ष–श्री पारस जैन सहित कार्यकारिणी सदस्य–सर्वश्री संजीव अग्रवाल, महेन्द्र साहू, मुकेश सांघी, अरुण कुमार गुप्ता, सुशांत सिंघल, धर्मेन्द्र जैन, संजय अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रामकुमार गोयल व बृजेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 08 मार्च,25 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :–

* गत् वर्ष के स्वीकृत बजट की निम्न मदों में हुए अतिरिक्त व्यय पर विचार कर, निम्नानुसार स्वीकृति प्रदान की गई :–

(A) अर्थवार्ता व्यय : रु. 4175/–,

(B) ग्रेच्यूटी : रु. 208492/–

(C) चेम्बर भवन रखरखाव, स्टॉफ पारिश्रमिक व्यय : रु. 157653/–

* वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु प्रस्तावित बजट पर विचार कर, स्वीकृति प्रदान की गई ।

## 'साधारण सभा' द्वारा नवीन सदस्यता शुल्क एवं अधिभार की राशि में की गई वृद्धि

दिनांक 29 मार्च,25 को आयोजित वार्षिक साधारण सभा की बैठक में नवीन सदस्यता शुल्क (प्रवेश शुल्क) हेतु निर्धारित राशि में वृद्धि किए जाने सहित वार्षिक सदस्यता शुल्क अधिभार (विलंब शुल्क) की राशि को रु. 50/– से बढ़ाकर रु. 200/– किए जाने का निर्णय लिया गया । साधारण सभा द्वारा सदस्यता शुल्क में की गई वृद्धि के पश्चात् नवीन सदस्यता शुल्क निम्नानुसार है :–

| | |
|---|---|
| **साधारण सदस्य** | **रु. 51000/–** |
| **प्राइवेट लि. कं.** | **रु. 71000/–** |
| **पब्लिक लि. कं.** | **रु. 1,00,000/–** |

## वार्षिक साधारण सभा की बैठक

**दिनांक 29 मार्च,2025 को आयोजित वार्षिक साधारण सभा की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :–**

* **वर्ष 2023–24 की ऑडिट रिपोर्ट एवं हिसाब की स्वीकृति प्रदान की गई ।**
* **वर्ष 2023–24 की वार्षिक कार्यविवरणिका को स्वीकृति प्रदान की गई ।**
* **वर्ष 2024–25 के हिसाब के ऑडिट हेतु अंकेक्षक की नियुक्ति का निर्णय लिया गया ।**
* **गत् वर्ष के स्वीकृत बजट की निम्न मदों में हुए अतिरिक्त व्यय पर विचार कर, निम्नानुसार स्वीकृति प्रदान की गई :–**

**(A) अर्थवार्ता व्यय : रु. 4175/–, (B) ग्रेच्यूटी : रु. 208492/–,**

**(C) चेम्बर भवन रखरखाव, स्टॉफ पारिश्रमिक व्यय : रु. 157653/–**

* **वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु प्रस्तावित बजट पर विचार कर, स्वीकृति प्रदान की गई ।**

## मार्च 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय संचार मंत्री–माननीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह को पत्र प्रेषित कर, डीआरयूसीसी, जेडआरयूसीसी एवं एसआरयूसीसी के पुनर्गठन हेतु चेम्बर द्वारा प्रेषित किए गए, सदस्यों के नामों को शामिल कराने की माँग की गई ।
* आयुक्त, ग्वालियर संभाग एवं आयुक्त सह संचालक, संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, 'माधव प्लाजा' के हितग्राहियों से ब्याज की राशि माँगे जाने संबंधी जीडीए के लंबित प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लेने की माँग की गई ।
* आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'ट्रांसपोर्ट नगर' की मुख्य सड़क के निर्माण के दौरान निकल रहे मलबा को 'ट्रांसपोर्ट नगर' के ऐसे मार्गों व पार्किंग में डाले जाने, जहाँ पर काफी गड्ढे हैं और फिलहाल उन मार्गों का निर्माण नहीं किया जा रहा है । साथ ही, उक्त मलबा को समतल करने हेतु मोटर ग्रेडर व कुटाई हेतु रोलर सहित पानी के छिड़काव की व्यवस्था हेतु पर्याप्त पानी की उचित व्यवस्था करने की माँग की गई ।
* मुख्यमंत्री–माननीय डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर के आर्म्स डीलर्स के लायसेंस के नवीनीकरण हेतु प्रमुख सचिव, गृह विभाग को आदेशित करने की माँग की गई, ताकि ग्वालियर के आर्म्स डीलर्स अपना कोराबार सुचारू रूप से प्रारम्भ कर सकें ।
* केन्द्रीय संचार मंत्री–माननीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, चेयरमैन–सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एण्ड कस्टम्स एवं चीफ कमिश्नर, सीजीएसटी, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क भोपाल जोन को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में सीजीएसटी कमिश्नरेट की स्थापना किए जाने की माँग की गई ।
* मुख्य महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक, बीएलएनएल लि. को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर में बीएसएनएल मोबाइल उपभोक्ताओं को विगत कुछ समय से आ रहीं परेशानियों को दूर कर, बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई ।

## चेम्बर की लंबे समय से चली आ रही मांग पर ट्रांसपोर्ट नगर के मुख्य मार्ग की सड़क निर्माण का हुआ भूमि पूजन



ट्रांसपोर्ट नगर के मुख्य मार्ग की सड़क निर्माण की लंबे समय से चली आ रही मांग पर सड़क निर्माण का भूमि पूजन हुआ। ग्वालियर सांसद माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह जी के चेम्बर आगमन पर उनके समक्ष ट्रांसपोर्ट नगर के सड़क निर्माण की एक ही मांग को पुरजोर तरीके से रखा गया था। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अध्यक्षता ग्वालियर सांसद माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह, विशिष्ट अतिथि-महापौर ग्वालियर-माननीया डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार, पार्षद-श्री मनोज यादव सहित चेम्बर के अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष-पारस जैन, पूर्व कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल, ट्रांसपोर्ट नगर से सुनील माहेश्वरी, जगदीश सिंह राणा, परविन्दर सिंह संधू, राजीव मोदी, चेम्बर कार्यकारिणी समिति सदस्य-आशीष जैन, दीपक अग्रवाल, नरेन्द्र मंगल, मनोहर लाल अरोरा, रामकुमार गोयल, व्यापार समिति दाल बाजार के अध्यक्ष-दिलीप पंजवानी, ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष-राकेश लहारिया, सचिव-महेश गेड़ा, चेम्बर सदस्य-विनय जैन, माधव अग्रवाल, राजेश अग्रवाल सहित काफी संख्या में व्यापारी, ट्रांसपोर्टर आदि उपस्थित रहे।

# सदस्य उपलब्धियाँ

### गिरवाई लघु उद्योग कल्याणकारी संघ के निर्वाचन सम्पन्न

गिरवाई लघु उद्योग कल्याणकारी संघ के निर्वाचन में निम्नानुसार पदाधिकारी निर्वाचित हुए :-

संरक्षक-श्री कैलाश तनेजा, श्री नन्दलाल सोनेजा, अध्यक्ष-श्री देवानंद तनवानी, उपाध्यक्ष-श्री सुशील बहरानी, सचिव-श्री राजीव अगीचा, कार्यकारिणी सदस्य-श्री सौरभ गुप्ता, श्री राजेश जैन।


Kailash Taneja


Nandlal Soneja


Devanand Tanwani


Susheel Bahirani


Rajeev Kumar Agicha


Saurabh Gupta


Rajesh Jain

### श्री गिरीश अग्रवाल, भारतीय व्यापार मण्डल के प्रदेश महामंत्री नियुक्त



भारतीय व्यापार मण्डल (रजि.) द्वारा व्यापार हित के उत्थान एवं विकास को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से श्री गिरीश अग्रवाल जी को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है।

### सिंध-हिंदू जनरल पंचायत की नई टीम गठित






सिंध-हिंदू जनरल पंचायत ग्रेटर ग्वालियर के चुनाव में
संरक्षक-श्री जी. एल. भोजवानी,
उपाध्यक्ष-श्री दीपक पमनानी,
सह सचिव-श्री दीपक जैसवानी,
चेयरमैन, प्रचार-प्रसार समिति - श्री शिवरतन सिधवानी।

### श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव (राजा) बने 'अखिल भारतीय कायस्थ महासभा' के 'राष्ट्रीय सचिव'



सदस्य - श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का 'राष्ट्रीय सचिव' मनोनीत किया गया है।

### टेक्सटाइल मार्केट एसोसिएशन के निर्वाचन सम्पन्न





टेक्सटाइल मार्केट एसोसिएशन के चुनाव में
अध्यक्ष-श्री अनिल नीखरा,
सचिव-श्री मनोहर चन्दानी,
कोषाध्यक्ष-श्री श्यामलाल जेठवानी
निर्वाचित हुए।

### श्री गणेश वस्त्र व्यवसायी संघ, दही मण्डी के निर्वाचन सम्पन्न


Hariom Singhal


Ashok Kumar Kukreja


Dhanesh Kumar Jain

श्री गणेश वस्त्र व्यवसायी संघ के 27 जनवरी,25 को सम्पन्न निर्वाचन में अध्यक्ष-श्री हरिओम सिंहल, सचिव-श्री अशोक कुकरेजा एवं कोषाध्यक्ष-श्री धनेश जैन, निर्विरोध चुने गए हैं।

पदाधिकारियों ने निर्विरोध निर्वाचित सभी महानुभावों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

**पदाधिकारियों ने उपरोक्त सदस्य महानुभावों के मनोनयन व निर्वाचित होने पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।**

**ClearMedi Healthcare**
[A Morgan Stanley Invested Company]



# क्लियरमेडी परिधि

## मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्वालियर

ए मोर्गन स्टेनले कम्पनी, अमेरिका

### सुविधाऐं :–

- न्यूरो सर्जरी
- ऑर्थो ट्रॉमा, जॉइंट रिप्लेसमेंट
- कैंसर सर्जरी
- यूरोलॉजी, जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- प्रसूति एवं स्त्री रोग
- वैस्कुलर सर्जरी
- नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजी
- प्लास्टिक सर्जरी
- स्पोर्ट्स इंजरी
- कीमोथेरेपी
- किडनी रोग विभाग
- डायलिसिस सुविधा
- मेडिसिन विभाग
- अन्य सुविधाऐं

***प्रत्येक शनिवार ओ.पी.डी. फ्री**

### हमारी उपस्थिति

ग्वालियर | नोएडा | वाराणसी
मैसूर | नांदेड़ | मोहाली

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत

**आयुष्मान योजना के अन्तर्गत फ्री ईलाज**

कैंशलेस उपचार के लिए इंश्योरेंस एवं आयुष्मान भारत उपलब्ध

FAST AND RELIABLE MEDICAL SERVICES

**सम्पर्क : –**

111, कैलाश विहार, एस.बी.आई. रीजनल ऑफिस के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर

☎ : 0751-4928877, 7900900953, 70008 46660

24/7 EMERGENCY SERVICES
8518053333

अर्थवार्ता

# BUSINESS PORTFOLIO

## Business Opportunity


- Franchises / Partnership
- New Stores Opening in Multiple Cities
- Distributorship / Dealership
- Material Partnership
- Business Referrals



**Mrs. Anjali Gupta Batra**
**Director**

### Furniture & Furnishing Material

- Sofa sets
- Bedroom Furniture
- Almirahs & Wardrobe
- Dinning Sets
- Office Furniture
- Modular Kitchen



### Refrigerator's

- Single Door
- Double Door
- Side by Side



### Smart TV's / LED's

32" Inches - 65" Inches




### Washing Machines

- Semi-Automatic
- Front-Loaded
- Top-Loaded



### Micro-Waves



### BUSINESS MANAGED

- Reejhul furniture & Furnishings Pvt Ltd
- Vishal Window Coolers
- Vishal Furnitures & Electronics
- Ultrafresh Modular Kitchen
- Refresh Mattress Distributer
- Samsung Electronics

Vishal FURNITURE & WINDOW COOLERS | Reejhul FURNITURE PVT. LTD | SAMSUNG Electronics | MITSUBISHI ELECTRIC AIR CONDITIONING SYSTEMS | Panasonic | LLOYD | refresh MATTRESS | ULTRAFRESH MODULAR SOLUTIONS

Call Us
**+91-9300134784**

Visit Our Website
**www.anjalibatra.in**

Our Location
**Gwalior (M.P) India**

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा माँ कैला देवी प्रिन्टर्स, ग्वालियर द्वारा मुद्रित तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–0751-2371691, 2632916, 2382917